Phase 11

Vedic Ganita Sutras & Upsutras

(Sankhiya Nishta – Yoga Nishtha – Samya Samuchayya Aadhar Vavastha Ganit)

सॉंख्य निष्ठा योग निष्ठा साम्य समुच्चय आधार व्यवस्था गणित

20 22 12 22 16 23 15 27 18

==

11.5.4

Sutra Grammar

Transition from Ganita Sutra 3 to Ganita Sutra 4

==

Part- I

Sutras Grammar

Part- II

Ganita Sutra 3 transition into Ganita Sutra 4

1. Text
2. Text composition data
3. Integrated format placement of Ganita Sutra 3 & 4 At placements 5 and 7
4. Ganita Upsutras 3, 4 and 5 at placements 4, 6 and 8
5. Integrated format placements 4, 5, 6, 7 and 8
6. Integrated format placements 4, 5, 6, 7 and 8
7. Ganita Sutras 1 to 6 placement in integrated format
8. Ganita Upsutras 1 to 6 placement in integrated format
9. Difference between structural components of Ganita Sutras 1 to 6 and Ganita Upsutras 1 to 6
10. Ganita Sutras 1 to 16 and Ganita Upsutras 1 to 13 Total Structural components
11. Number value 236
12. Periodic atomic table
13. Values pair (78, 92)
14. Transition from Ganita Sutra 3 to Ganita Sutra 4
15. Transition from Ganita Sutra 3 to Ganita Sutra 4
16. Appendix

==

Phase 11

Vedic Ganita Sutras & Upsutras

(Sankhiya Nishta – Yoga Nishtha – Samya Samuchayya Aadhar Vavastha Ganit)

सॉख्य निष्ठा योग निष्ठा साम्य समुच्चय आधार व्यवस्था गणित

20 22 12 22 16 23 15 27 18

11.5.3

Sutra Grammar

Transition from Ganita Sutra 3 to Ganita Sutra 4

Part- I

Sutras Grammar

Sutras Grammar is core of Vyakaran Vedanga scripture Ashtadhayayi composed as Sutras. Simple rendering of 'सूत्र / Sutra' is thread fold of three threads. Thread is of format (line / ऋक् Rik, TCV (ऋक्) = 5 / रेखा Rekha, TCV (रेखा) = 13) of linear order organization. TCV (सूत्र / Sutra) = 15 = 3 x 5 = 3 ऋक Rik

Sanskrit Vakya (Sanskrit sentence) avails subant (सुबन्त / सुप् अन्त् and Tidant (तिङन्त् / तिङ् अन्त्). However as per Sutra Grammar, essentially Tidant are being not required as a necessity.

Subant are of 7 phases, and amongst them as well (1, 3, 5, 7) are potent enough for Sutra as sentence. Phase 6 is not a karak. These 7 phases are : (1) Nominative (2) Accusative (3) Instrumental (4) Dative (5) Ablative (7) Locative (6) Genitive. The organization of these 7 phases has a distinct feature, as much as that, it coordinates for transfer of transcendental content from first phase as content source reservoir, by sequentially taking it to 5th phase, 3rd phase with 7th phase as base, to 4th phase and final reach of 2nd phase as receipient 'reservoir'	

There are 6 classes of Sutras : संज्ञा Vridhi / Name, परिभाषा Paribhasha / Defintion, अधिकार Adhikar / operative domain, अतिदेश Athidesh / , विधि Vidhi / method and नियम Niyam / rules.

Note :- Commentator Pandit Ishwarchand in his book Panini Virichita Ashtadhayayi at beginning itself has a specific write up titled / Vishya Parvesh, in which the essential core features of Sutras (Grammar) are enlisted. Photocopies of these 17 pages are the appendix of this PDF document 11.5.4. It is added as end part of this document.

Part- II
Ganita Sutra 3 transition into Ganita Sutra 4
1
Text

Ganita Sutra 3 Ganita Sutra 4	ऊर्ध्वतिर्यग्भ्याम् परावर्त्य योजयेत्

2
Text composition data

Text		Words	Syllables	Letters	TCV
Ganita Sutra 3	ऊर्ध्वतिर्यगभ्याम्	1	5	15	56
Ganita Sutra 4	परावर्त्य योजयेत्।	2	7	17	51
Total		3	12	32	107
Difference		1	2	2	5

3
Integrated format placement of Ganita Sutra 3 and 4
At placements 5 and 7

SN	Text	Sutra	Words	Syllables	Letters	TCV
5	Ganita Sutra 3	ऊर्ध्वतिर्यगभ्याम्	1	5	15	56
7	Ganita Sutra 4	परावर्त्य योजयेत्।	2	7	17	51
Total			3	12	62	107

4
Ganita Upsutras 3, 4 and 5 at placements 4, 6 and 8

SN	Text	Sutra	Words	Syllables	Letters	TCV
4	Ganita Upsutra 2	शिष्यते शेषसंज्ञः।	2	7	18	74
6	Ganita Upsutra 3	आद्यमाद्येनान्त्यमन्त्येन	1	9	23	96
8	Ganita Upsutra 4	केवलैः सप्तकं गुण्यात्।	3	8	21	86
Total			6	24	62	256

5
Integrated format placements 4, 5, 6, 7 and 8

SN	Text	Sutra	Words	Syllables	Letters	TCV
4	Ganita Upsutra 2	शिष्यते शेषसंज्ञः।	2	7	18	74
5	Ganita Sutra 3	ऊर्ध्वतिर्यगभ्याम्	1	5	15	56
6	Ganita Upsutra 3	आद्यमाद्येनान्त्यमन्त्येन	1	9	23	96
7	Ganita Sutra 4	परावर्त्य योजयेत्।	2	7	17	51
8	Ganita Upsutra 4	केवलैः सप्तकं गुण्यात्।	3	8	21	86
Total			9	36	94	363
Grand total			9	45	139	502

6
Ganita Sutras 1 to 6 and Upsutras 1 to 6 placement in integrated format

SN		Sutra	Words	Syllables	Letters	TCV
1	Ganita Sutra 1	एकाधिकेन पूर्वेण।	2	8	16	68
2	Ganita Upsutra 1	आनुरूप्येण।	1	5	10	42
3	Ganita Sutra 2	निखिलं नवतश्चरमं दशतः	3	12	28	107
4	Ganita Upsutra 2	शिष्यते शेषसंज्ञः।	2	7	18	74
5	Ganita Sutra 3	ऊर्ध्वतिर्यगभ्याम्	1	5	15	56

6	Ganita Upsutra 3	आद्यमाद्येनान्त्यमन्त्येन	1	9	23	96
7	Ganita Sutra 4	परावर्त्य योजयेत्।	2	7	17	51
8	Ganita Upsutra 4	केवलैः सप्तकं गुण्यात्।	3	8	21	86
9	Ganita Sutra 5	शून्यं साम्यसमुच्चये	2	8	20	71
10	Ganita Upsutra 5	वेष्टनम्।	1	3	08	41
11	Ganita Sutra 6	(आनुरूप्ये) शून्यमन्यत्।	2	8	19	76
12	Ganita Upsutra 6	यावदूनं तावदूनम्।	2	8	18	85
Total			22	88	213	853
Grand total			22	110	323	1176

7

Ganita Sutras 1 to 6 placement in integrated format

SN		Sutra	Words	Syllables	Letters	TCV
1	Ganita Sutra 1	एकाधिकेन पूर्वेण।	2	8	16	68
3	Ganita Sutra 2	निखिलं नवतश्चरमं दशतः	3	12	28	107
5	Ganita Sutra 3	ऊर्ध्वतिर्यगभ्याम्	1	5	15	56
7	Ganita Sutra 4	परावर्त्य योजयेत्।	2	7	17	51
9	Ganita Sutra 5	शून्यं साम्यसमुच्चये	2	8	20	71
11	Ganita Sutra 6	(आनुरूप्ये) शून्यमन्यत्।	2	8	19	76
Total			12	48	115	429
Grand total			12	60	175	604

8

Ganita Upsutras 1 to 6 placement in integrated format

SN		Sutra	Words	Syllables	Letters	TCV
2	Ganita Upsutra 1	आनुरूप्येण।	1	5	10	42
4	Ganita Upsutra 2	शिष्यते शेषसंज्ञः।	2	7	18	74
6	Ganita Upsutra 3	आद्यमाद्येनान्त्यमन्त्येन	1	9	23	96
8	Ganita Upsutra 4	केवलैः सप्तकं गुण्यात्।	3	8	21	86
10	Ganita Upsutra 5	वेष्टनम्।	1	3	08	41

12	Ganita Upsutra 6	यावदूनं तावदूनम् ।	2	8	18	85
Total			10	40	98	424
Grand total			10	50	148	572

9

Difference between structural components of Ganita Sutras 1 to 6 and Ganita Upsutras 1 to 6

Sutra/ Upsutra	Words	Syllables	Letters	TCV
Ganita Sutras 1 to 6	12	60	175	604
Ganita Upsutras 1 to 6	10	50	148	572
Difference	2	10	27	32

10

Ganita Sutras 1 to 16 and Ganita Upsutras 1 to 13 Total Structural components

Sutra/ Upsutra	Words	Syllables	Letters	TCV
Ganita Sutras 1 to 16	24	117	283	1110
Ganita Upsutras 1 to 13	22	100	236	952
Difference	2	17	47	158
Total	46	217	519	2062

Values pairs

1. Words (24, 22), Sathapatya (D8, H6)
2. Syllables (117, 100) / (9 x 13, 10 x10)
3. Letters (283, 236) / (280 + 3, 230 + 6)

11

Number value 236

2	3	6
श्	स्	ष्

सोप क्रम Soap Karam, (16, 13) / (N, N-3), (19, 16) (236, 239)

उष्मणः वर्ण

2	3	6	9	13
श्	स्	ष्	ह्	:

Note :- values range 235 to 239, 235, 236, 237, 239, H237



12
Periodic atomic table



13

Values pair (78, 92)

78 = 13 x 6, 13 = G^{6}_{13}

13 + 6 = 19

Geeta chapter 18 Shalokas 78

G^{78}_{157}

78 + 157 = 235 , 78 x 157 = 12246

One more than 235 is 236 parallel with 236 letters of 13 Ganita Upsutras

H18 = 70

Space content split spectra (6) phases TCV (18) = 0, 1, 2, 5, 12, 29, 70 G^{70}_{141} G^{141}_{283} Letters of 16 Ganita Sutras are '283'	

92 = 23 x 4; D25

Difference value 92 – 78 = 24 = D8

Total value 92 + 78 = 170 = 17 x 10 = (10 + 7) x 10

Hyper cube 5; H5, domain boundary ratio A5: 10B4

Split of Hyper cube 5, into triple (17, 18, 19)

TCV (शून्य / Sunya / Zero) = 18

14

Transition from Ganita Sutra 3 to Ganita Sutra 4

ऊर्ध्वतिर्यग्भ्याम् । परावर्त्य योजयेत् ।

Image of tree on the bank of river in reverse orientation in river bed

Transpose Pravarte परावर्त्य

Transposed

Pravarte Yojeyat परावर्त्य योजयेत

River, TCV (नदी / Nadi / River) = 19

1. TCV (नदी / Nadi / River) = 19. TCV (तट /Tat / Bank) = 9.
2. TCV (अर्ध /Ardh / Half) = 11 = (9, 9), (11, 11) = 22 = H6 = h3 + h3
3. TCV (प्रवाह /Parvah / Flow) = 26 = H7.
4. TCV (आप / Aapa / water) = 8 = TCV (आकाश /Akash / Space)

Tree, TCV (वृक्ष / Vriksh / Tree) = 19.

5. TCV (जड़ / Jad / Roots) = 11. TCV (तना /Tana / Stem) = 15
6. TCV (पत्ता /Pata/ leaf) = 16. TCV (फूल /Phool / flower) = 17
7. TCV (फल /Phal / fruit) = 12. TCV (बीज /Beej / seed) =16.
8. TCV (वृक्ष / Vriksh / Tree) = 19. TCV (वृक्ष / Vriksh / Tree) = 19.

15
Transition from Ganita Sutra 3 to Ganita Sutra 4



Note :- TCV (नवब्रह्म् / Nav braham / nine fold eternity) = 45 = 1 + ---9

Becomes a shield around Asht Prakrati, Eight fold nature and ensures no disruptive potentiality to interfere with eight fold nature / natures functional systems.

Appendix

विषय प्रवेश

भारतीय संस्कृति के मूल आधार एवं ज्ञान-विज्ञान के मूल स्रोत वेदों की रक्षा के लिये व्याकरण शास्त्र का अध्ययन करना चाहिये । यथा—

रक्षार्थं वेदानामध्येयं व्याकरणम् ।

व्याकरण के लिये 'शब्दानुशासन' शब्द का व्यवहार प्राप्त होता है । यथा—**अथ शब्दानुशासनम्** । संस्कृत भाषा के अनेक व्याकरणग्रन्थ प्राप्त होते हैं, परन्तु महर्षि पाणिनि रचित 'अष्टाध्यायी' एक सर्वाङ्गपूर्ण व्याकरण ग्रन्थ है । इसके नाम और महत्ता से विद्वज्जन सुपरिचित हैं ही । अतः अधिक परिचय की आवश्यकता न पड़ेगी । साक्षात्कृतधर्मा एवं वैदिक-लौकिक उभयविध वाङ्मय में अकुण्ठित प्रतिभा की प्रतिमा आचार्य पाणिनि व्याकरण जगत् में किसी भी प्रकार के परिचय की अपेक्षा नहीं रखते हैं । अतः यहाँ उनका औपचारिक परिचय न देकर उनके ग्रन्थ की टीका करके उनके महत्व को प्रदर्शित करना है ।

अष्टाध्यायी का स्वरूप व रचना

प्राचीनकाल में भारतवर्ष में संस्कृत वाङ्मय को सुरक्षित रखने की दृष्टि से सूत्रशैली का प्रणयन हुआ । अष्टाध्यायी इसी सूत्रशैली में लिखा गया ग्रन्थ है । भारतीय सूत्रशैली की वैज्ञानिकता को देखकर समग्र संसार आश्चर्यचकित है ।

पाणिनीय शब्दानुशासन को आठ अध्यायों में विभक्त होने से अष्टाध्यायी या अष्टक भी कहते हैं । प्रत्येक अध्याय में चार-चार पाद हैं ।

अष्टाध्यायी के दो पाठ हैं—एक लघुपाठ कहलाता है जो महाभाष्यानुसारी है तथा दूसरा वृद्धपाठ है, जो काशिका-नुसारी है। वृद्धपाठ ऋग्वेदीय ब्राह्मणों में अधिक प्रचलित । स्वरसिद्धान्तचन्द्रिका के अनुसार पाणिनि ने 3995 सूत्रों की, निर्णयसागर संस्करण के अनुसार 3985 तथा तारा-थ वाचस्पति के अनुसार 3965 सूत्रों की रचना की है । ह निर्विवाद है कि काशिका में कुछ नये सूत्रों का पाठ आ है ।

आचार्य ने सर्वप्रथम समग्र वर्णमाला को 14 प्रत्याहार सूत्रों में निबद्ध कर उनके आधार पर 42 प्रत्याहारों की रचना की है । तत्पश्चात् उन प्रत्याहारों का आश्रयण करके शब्दशास्त्र को सूत्रपाठ में गुम्फित किया है । इसके लिये उन्होंने निम्नलिखित साधनों को अपनाया है ।

सूत्ररचना—आचार्य ने अपने शास्त्र में लाघव को अत्य-धिक महत्त्व दिया है । फलतः समग्र ग्रन्थ सूत्रशैली में निबद्ध है । वैयाकरणों ने 'सूत्र' का लक्षण इस प्रकार दिया है—

अल्पाक्षरमसन्दिग्धं सारवद्विश्वतोमुखम् ।
अस्तोभमनवद्यं च सूत्रं सूत्रविदो विदुः ॥

सूत्र शैली में संक्षिप्तता को महत्त्व दिया जाता है । इसके लिये आचार्य ने अपने ग्रन्थ में त्रिविध लाघव का आश्रयण किया है ।

आकारगतलाघव—वाक्य की परिभाषा[1] के अनुसार वाक्य में एक तिङन्त अर्थात् क्रियापद का होना आवश्यक है, परन्तु आचार्य ने सूत्रों का पाठ तिङ रहित वाक्य के रूप में किया है । अतः सूत्रों में स्यात्, भवति, अस्ति जैसे क्रियापदों का अध्याहार करना पडता है ।

पाणिनि के शास्त्र में क्वचित् क्रियापद का प्रयोग योग-वाक्यों के रूप में अवश्य हुआ है । यथा—तदधीते तद्वेद इत्यादि । परन्तु ऐसे स्थलों पर क्रियापदों का प्रयोग वाक्यार्थ-पूर्ति के लिये नहीं हुआ है । कुछ सूत्रों में 'दृश्यन्ते' इस प्रकार तिङ्पदों का प्रयोग प्राप्त होता है ।

सूत्रसंख्यागतलाघव—आचार्य ने उत्सर्गापवाद शैली के द्वारा, असिद्धविधान के द्वारा, धातुपाठ व गणपाठ आदि परिशिष्ट पाठों के द्वारा अपने ग्रन्थ को लाघव प्रदान किया है ।

अर्थगतलाघव—आचार्य ने आगम, आदेश, प्रत्यय आदि में सुप् प्रत्ययों की योजना के साथ-साथ अनुबन्ध, प्रत्याहार तथा ग्रहणक शास्त्र की कल्पना के द्वारा भी शास्त्र को लाघव प्रदान किया है ।

---

1. द्र०—एकतिङ् वाक्यम् ।

कम से कम अक्षरों के द्वारा सूत्र में अधिक से अधिक बात कही जाती है । इसके लिये प्रतीकों का प्रयोग आवश्यक हो जाता है । एक प्रतीक दूसरे प्रतीक से भिन्न हो तथा प्रतीक स्वयं स्पष्ट हो । सूत्र के अल्पाक्षरता गुण के कारण ही वैयाकरणों में निम्नलिखित उक्ति अत्यधिक लोकप्रिय रही है—'अर्धमात्रालाघवेन पुत्रोत्सवं मन्यन्ते वैयाकरणाः ।'

'सूत्र' का एक गुण है—'असन्दिग्धता' अर्थात् सूत्र में कही गई बात स्पष्ट अर्थ वाली होनी चाहिये । इसके अतिरिक्त उद्देश्य-विधेय का क्रम सुनिश्चित होना चाहिये तथा सूत्रस्थ प्रत्येक पद के द्वारा एक निश्चित अर्थ की अभिव्यक्ति होनी चाहिये । इसके अतिरिक्त व्याख्यान के द्वारा भी स्पष्टता प्रदर्शित की जाती है । यथा—'व्याख्यानतो विशेषप्रतिपत्तिः' यही कारण है कि पाणिनीय अष्टाध्यायी में स्पष्ट अभिव्यक्ति के लिये अनेक स्थलों पर सन्ध्यभाव अथवा वर्णविशेष का उच्चारण उपलब्ध होता है ।

1) सन्ध्यभाव के स्थल—

प्रत्याहार सूत्र,

'अट्कुप्वाङ्नुम्व्यवायेऽपि' में प्राप्त अनुस्वारादेश का अभाव,

'झलां जश् झशि' में 'झलां जशोऽन्ते' के द्वारा प्राप्त जश्त्व (डकार) का अभाव,

'अल्पाच्तरम्' में 'कुहोश्चुः' के द्वारा प्राप्त 'कुत्व' का अभाव,

इसी प्रकार अन्य कई स्थल हैं ।

2) वर्णविशेष का उच्चारण—

वर्णविशेष के उच्चारण में तकार का पाठ स्पष्टता व मुखसुख के लिये है ।

इसी प्रकार अन्यत्र जानना चाहिये ।

सूत्र की एक विशेषता है—सारवत्ता । सूत्र सार्थक होना चाहिये ।

सूत्र की चौथी विशेषता है—'विश्वतोमुख होना' अर्थात् सूत्र की प्रवृत्ति व्यापक क्षेत्र में होनी चाहिये । सर्वप्रथम उत्सर्ग का पाठ होता है, तत्पश्चात् अपवाद सूत्र होता है ।

सूत्र की पञ्चम विशेषता है—स्तोभरहित होना । आप्टे ने अपने कोश में 'स्तोभ' का अर्थ Obstructing बताया है ।

सूत्र की छठी विशेषता है—अनवद्य होना ।

सूत्रों के प्रकार—

विषय के आधार पर सूत्रों को छह भागों में विभक्त किया गया है । यथा—

संज्ञा च परिभाषा च विधिर्नियम एव च ।
अतिदेशोऽधिकारश्च षड्विधं सूत्रमुच्यते ॥

(क) संज्ञा सूत्र—'संज्ञाकरणं व्यवहारार्थं लोके' अर्थात् लोक में व्यवहार के लिये पदार्थों या व्यक्ति का नाम रखा जाता है । यथा—'अश्व' कहने से पशुविशेष का ज्ञान होता है । इसी प्रकार व्याकरणशास्त्र के व्यवहार के लिये 'संज्ञा' की अपेक्षा होती है । अष्टाध्यायी में लगभग 280 संज्ञा सूत्र हैं ।

'वृद्धिरादैच्' एक संज्ञा सूत्र है । इसका अर्थ है कि व्याकरणशास्त्र में आकार तथा ऐच् (=ऐ, औ) को 'वृद्धि' कहते हैं । संज्ञासूत्र विधिसूत्रों के उपकारक होते हैं ।

महर्षि पाणिनि ने अनेक प्रकार की संज्ञाओं का प्रयोग किया है । यथा—

- **अन्वर्थ संज्ञा**—आचार्य ने कुछ संज्ञाओं के नाम उनके अर्थ के अनुसार रखे हैं । यथा—सर्वनाम, इत्, सम्प्रदान तथा अव्यय आदि अन्वर्थ संज्ञाएँ हैं ।

- **कृत्रिम संज्ञा**—टि, घ, घु तथा भ इत्यादि संज्ञाएँ कृत्रिम संज्ञाएँ हैं ।

- **परम्परागत संज्ञा**—व्याकरणशास्त्र में कुछ संज्ञाएँ परम्परागत हैं । यथा—सर्वनामस्थान, प्रातिपदिक, आर्धधातुक, सार्वधातुक तथा अङ्ग इत्यादि इसी प्रकार की संज्ञाएँ हैं । आचार्य ने परम्परा के प्रति आदरवश ऐसी संज्ञाओं को अपने शास्त्र में ज्यों का त्यों स्वीकार कर लिया है ।

(ख) परिभाषा सूत्र—इसका लक्षण है—

'अनियमे नियमकारित्वं परिभाषात्वम्' अर्थात् नियम न रहने पर नियम (=व्यवस्था) की जाये, उसे 'परिभाषा' कहते हैं । इस शब्द का व्युत्पत्तिगत अर्थ इस प्रकार किया जाता है—

'परितः सर्वतो भाष्यन्ते नियमा यया सा परिभाषा' अर्थात् जिसके द्वारा नियमों की स्थिरता की जाये, उसे 'परिभाषा' कहते हैं । अतः इन्हें निर्णयकर्त्ता सूत्र भी कहा जाता है ।

परिभाषासूत्र स्वयं विधायक न होकर विधिसूत्रों के सहायक के रूप में पठित है अर्थात् विधि तथा निषेध सूत्रों के साथ परिभाषा सूत्रों की एकवाक्यता होती है ।

*

विधिसूत्रों की प्रवृत्ति में जहाँ सन्देहात्मक स्थिति उत्पन्न हो जाती है, वहाँ परिभाषासूत्र उपस्थित होकर उस सन्देह की निवृत्ति करता है। इस प्रकार ये विधिसूत्र लक्ष्य में प्रवृत्ति तथा अलक्ष्य में निवृत्ति करते हैं। यथा—

मृजेर्वृद्धिः (पा० 7.2.114) के द्वारा 'मृज्' धातु के स्थान पर वृद्धि आदेश होता है जो अलोऽन्त्य परिभाषा के द्वारा जकार के स्थान पर प्राप्त होती है तब 'इको गुणवृद्धी' इस परिभाषा की प्राप्ति हुई। यहाँ अन्त्यवर्ण (जकार) अलक्ष्य है तथा इक् (ऋकार) लक्ष्य है। प्रस्तुत परिभाषा के बल पर अन्त्यवर्ण को प्राप्त वृद्धि की निवृत्ति होकर इक् (ऋकार) के स्थान पर वृद्धि की प्रवृत्ति हुई।

पं० वासुदेव शास्त्री ने परिभाषासूत्रों को तीन वर्गों में विभक्त किया है—

- **वाचनिकी**—पूर्व आचार्यों के द्वारा वचन रूप में पठित परिभाषा को 'वाचनिकी' कहते हैं। यथा—इको गुणवृद्धी।
- **ज्ञापकसिद्ध**—ये परिभाषाएँ आचार्य की शैली अथवा उपदेश के द्वारा ज्ञापित होती हैं। इनका साक्षात् पाठ नहीं किया गया है। यथा—असिद्धं बहिरङ्गमन्तरङ्गे।

  संज्ञाविधौ प्रत्ययग्रहणे तदन्तग्रहणं नास्ति।
  कृद्ग्रहणे गतिकारकपूर्वस्यापि ग्रहणम्।
- **लोकन्यायसिद्ध**—ये लोकव्यवहार पर आधारित हैं। यथा—

  व्यपदेशिवदेकस्मिन्।
  सन्निपातलक्षणो विधिरनिमित्तं तद्विघातस्य।

अष्टाध्यायी में 36 परिभाषा सूत्र हैं।

(ग) विधिसूत्र—इसका लक्षण इस प्रकार है—

'येन विधीयते स विधिः' अर्थात् जिसके द्वारा विधान किया जाता है, उसे विधिसूत्र कहा जाता है। अष्टाध्यायी में विधिसूत्रों की संख्या सर्वाधिक है। विधि सूत्रों के द्वारा अनेक कार्य सिद्ध होते हैं—

- **प्रत्ययविधान**—इसके द्वारा प्रत्यय का विधान किया जाता है। यथा—अचो यत् (पा० 3.1.97)।
- **लोप**—इसके द्वारा लोप कार्य होता है।
  यथा—तस्य लोपः। लोपो व्योर्वलि।
- **आगम**—इसके द्वारा आगम होता है।
  यथा—ह्रस्वस्य पिति कृति तुक्।

हः सि धुट्। आमि सर्वनाम्नः सुट्।

वर्ण विकार—इसके द्वारा कोई न कोई आदेश होता है। यथा— इको यणचि।
कुहोश्चुः।
झलां जश् झशि। इत्यादि

विधिसूत्रों को चार वर्गों में रखा जा सकता है। यथा—

1) **उत्सर्ग**—आचार्य प्रथम सामान्य विधि का निर्देश करते हैं।

'आद् गुणः' के द्वारा सामान्य रूप से अकार व आकार से अच् परे रहते दोनों के स्थान पर गुण एकादेश का विधान है।

2) **अपवाद**—'निरवकाशो विधिरपवादः' अर्थात् जिस विधि को अन्यत्र अवकाश प्राप्त न हो, उसे अपवाद कहा जाता है। 'आद् गुणः' उत्सर्ग विधि है तथा 'वृद्धिरेचि' अपवाद है। अ वर्ण से परे सामान्यतः अच् परे रहते गुणादेश होता है परन्तु यदि एच् वर्ण परे हो तो वृद्धि एकादेश होता है। चूंकि वृद्धि एकादेश को एच् वर्ण की दशा में ही अवकाश प्राप्त है अन्यत्र नहीं तथा गुणादेश को एच् से अतिरिक्त अच् वर्णों में भी अवकाश प्राप्त है। अतः सावकाश होने से गुणादेश उत्सर्गविधि हुई तथा निरवकाश होने से वृद्धि आदेश अपवादविधि हुई।

3) **नित्य**—जो विधि सर्वथा प्राप्त रहे, वह नित्य कहलाती है। इसका लक्षण है—

कृताकृतप्रसङ्गी यो विधिः स नित्यः अर्थात् जो विधि दूसरे के प्रवृत्त होने या न होने पर दोनों अवस्थाओं में समान रूप से प्रसक्त होती है, वह नित्य कहलाती है। यथा—'दिव सु' इस दशा में 'दिव औत्' सूत्र के द्वारा 'सु' परे रहते 'दिव्' को 'औत्' आदेश होता है। यदि 'औत्' आदेश से पूर्व 'सु' प्रत्यय का हल्ङ्यादि लोप कर लेते हैं तो भी स्थानिवद्भाव से 'सु' के विद्यमान रहने पर 'औत्' आदेश हो ही जायेगा। भाव यह है कि 'सु' रहे या उसका लोप हो जाये—इसका प्रभाव 'औत्' आदेश पर नहीं पड़ता है। अतः 'औत्' आदेश नित्य विधि है तथा 'सु' लोप अनित्य विधि है। अनित्य से नित्य बलवान् होती है। कारण कि 'औत्' आदेश करने पर सुलोप नहीं होगा।

4) **अन्तरङ्ग**—अन्तरङ्गविधि बहिरङ्ग से बलवान् होती है। धातु तथा उपसर्ग में संहिताकार्य अन्तरङ्ग विधि होती है। अतः अनिवार्य रूपेण किया जाता है।

(घ) नियमसूत्र—इसके ये लक्षण प्राप्त होते हैं—

1) नियम्यन्ते निधीयन्ते प्रयोगा येन स: । अर्थात् जिसके द्वारा प्रयोगों का नियमन किया जाये उसे नियम कहते हैं ।

2) सिद्धे सति आरम्भो नियमार्थ: अर्थात् किसी व्यापक नियम से स्वत:सिद्ध कार्य के लिये उसी के प्रवृत्ति क्षेत्र में कोई विशेष नियम बनाया जाये वह व्यापक नियम की प्रवृत्ति का नियमन कर देता है । ये सामान्य सूत्र के प्रवृत्ति विषये में संकोच करते हैं ।

यह लक्षण महाभाष्योक्त है ।

अष्टाध्यायी में 217 नियमसूत्र प्राप्त होते हैं । यथा—

न: क्ये ।

कृत्तद्धित समासाश्च ।

कृसृभृ ... । इत्यादि ।

'सुप्तिङन्तं पदम्' के द्वारा सामान्य नियम होता है कि सुबन्त व तिङन्त की पद संज्ञा होती है । अत: क्यच् प्रत्यय परे रहते उस शब्द की पद संज्ञा इस से स्वत: सिद्ध है । तब 'न: क्ये' सूत्र के द्वारा क्यच् आदि प्रत्यय परे रहते पुन: पद संज्ञा का विधान व्यर्थ हो जाता है । अत: यह व्यर्थ होकर नियम करता है कि क्यच् आदि प्रत्यय के परे रहते यदि पद संज्ञा होती है तो वह केवल नकारान्त शब्दों की ही होती है ।

नियमसूत्र तथा अपवाद विधि में थोड़ा अन्तर है । नियम सूत्र सामान्य सूत्र के प्रवृत्ति क्षेत्र को कुछ संकुचित करता है, जबकि अपवादविधि अपने प्रवृत्ति क्षेत्र में उत्सर्गविधि का सर्वथा बाध करती है ।

(ङ) अतिदेशसूत्र—इसका लक्षण है—

'अतिदिश्यन्ते तुल्यतया विधीयन्ते कार्याणि येन सोऽतिदेश:' अर्थात जिसके द्वारा समानता प्रदान की जाये अथवा आरोप किया जाय उसे अतिदेश कहते हैं । यथा—

गोतो णित् (पा० 7.1.90) ।

अष्टाध्यायी में 118 अतिदेशसूत्र हैं ।

वैयाकरणों ने सात प्रकार का अतिदेश माना है ।[1]

1) निमित्तादिदेश—'पूर्ववत्सन: (पा० 1,3,62) से सन् होने से पूर्व शुद्ध धातु से प्राप्त जो पद है, वही पद सन् प्रत्ययान्त में होता है ।

यहाँ सन्नन्त में आत्मनेपदादि की निमित्तता का अतिदेश है ।

2) व्यपदेशातिदेश—यथा—'आद्यन्तवदेकस्मिन्' । जो किसी के वास्तविक रूप में आद्यन्तावयवता नहीं है, उस अकेले में आद्यन्त का व्यवहार किया जाता है, वहाँ व्यपदेशातिदेश होता है ।

3) तादात्म्यातिदेश—

यथा—सुबामन्त्रिते पराङ्गवत् स्वरे (पा० 2.1.2)

4) शास्त्रातिदेश—

यथा—'कालेभ्यो भववत् (पा० 4.2.33)

5) कार्यातिदेश—यह कार्य का अतिदेश करता है ।

यथा—स्थानिवदादेशोऽनल्विधौ ।

यह सूत्र आदेश को स्थानिवत् कर देता है ।

6) रूपातिदेश—यथा—'द्विर्वचनेऽचि' (पा० 1.1.58) तथा 'तृज्वत् क्रोष्टु:' (पा० 7.1.95) ।

7) अर्थातिदेश—यथा—'स्त्री पुंवच्च' (पा० 1.2.66) सूत्रों की व्याख्या तत् तत् सूत्रों पर द्रष्टव्य ।

(च) अधिकारसूत्र—इसका लक्षण है—

'एकत्र उपात्तस्याऽन्यत्र व्यापारोऽधिकार:' अर्थात् एक स्थान पर प्राप्त का अन्यत्र व्यापार ही 'अधिकार' कहलाता है । अधिकारसूत्र अपने क्षेत्र में पड़ने वाले सभी सूत्रों के साथ अनुवृत्त होता है । अधिकार और अनुवृत्ति दोनों पर्याय ही हैं । अधिक विस्तृत क्षेत्र तक अनुवर्तन को 'अधिकार' कहते हैं तथा स्वल्प स्थानों तक अनुवर्तन को 'अनुवृत्ति' कहते हैं । इसके अतिरिक्त अधिकार में सम्पूर्ण सूत्र का अनुवर्तन होता है तथा अनुवृत्ति में सम्पूर्ण सूत्र का, सूत्र के एक पद का या पदांश का अनुवर्तन होता है । यथा—

'कारके' यह अधिकार है ।

'नेयङुवङ्स्थानावस्त्री' में पूर्ववर्ती 'यू स्त्र्याख्यौ नदी' सम्पूर्ण सूत्र की अनुवृत्ति आती है ।

'तृजकाभ्याम् कर्तरि' से 'तृच् ... ... अकाभ्याम्' इस पद के एकदेश (अक:) की अनुवृत्ति होती है ।

'राजन्य बहुवचनद्वन्द्वे ...' से भी पदांश 'द्वन्द्वे' की अनुवृत्ति होती है ।

अष्टाध्यायी में लगभग 48 अधिकारसूत्र हैं ।

पाणिनि ने अधिकार की सूचना स्वरित चिह्न के द्वारा दी है ।

1. प्रौढमनोरमा—पृ० 184-86 । (प्रका० संस्कृत पुस्तक प्रचार, वाराणसी)।

यथा—स्वरितेनाधिकारः ।

वर्तमान सूत्रपाठ परम्परा में अनुनासिक पाठ की तरह न तो स्वरित का उच्चारण होता है और न ही तत्सूचक चिह्न प्राप्त होता है। इसलिये अध्येता को स्वरितत्व के ज्ञानार्थ व्याख्याता की प्रतिज्ञा पर आश्रित रहना पड़ता है।

अधिकार क्षेत्र की सीमा का ज्ञान कराने के लिये आचार्य ने कुछ स्पष्ट संकेत भी दिये हैं। यथा—

> आ कडारादेका संज्ञा ।
> प्राक्कडारात् समासः ।
> प्राग्रीश्वरान्निपाताः ।
> असिद्धवदत्राभात् ।

कुछ अधिकार सूत्रों की सीमा का ज्ञान अध्याय या पाद की समाप्ति से अथवा नये विषय की प्रस्तुति से होता है। यथा—

> कारके (अध्याय के पाद की समाप्ति तक)
> ड्याप्प्रातिपदिकात् ।
> प्रत्ययः ।
> परश्च ।

प्रवृत्ति के आधार पर अधिकार तीन प्रकार का कहा गया है। यथा—

> **सिंहावलोकितं चैव मण्डूकप्लुतमेव च ।**
> **गङ्गाप्रवाहवच्चाऽपि अधिकारास्त्रिधा मताः ॥**

इसके अतिरिक्त कुछ विद्वानों ने सूत्रों का 'प्रत्याहार' नामक एक अन्य भेद भी स्वीकार किया है। उनके अनुसार प्रत्याहार सूत्रों का पूर्वोक्त छह भेदों में समावेश नहीं हो पाता है। कुछ विद्वान् 'ज्ञापक सूत्र' नाम से एक आठवाँ भेद स्वीकार करते हैं।

पं० ब्रह्मदत्त जिज्ञासु जी ने पूर्वोक्त छह से अतिरिक्त 'निषेध' नामक सातवाँ भेद भी माना है।

अनुवृत्ति

संक्षेप की प्रवृत्ति के कारण सूत्रों में यथासम्भव शब्दों की आवृत्ति को बचाया जाता है अर्थात् पूर्वसूत्र से जो पद अगले सूत्र में अपेक्षित होता है, उसका आचार्य ने अगले सूत्र में साक्षात् पाठ न करके पूर्वसूत्र से उस पद का अनुवर्त्तन कर लिया है। व्याकरणशास्त्र में इसी को 'अनुवृत्ति' कहते हैं। प्रत्येक सूत्र में एक ही शब्द का बार-बार आना पुनरुक्ति दोष होता है। उसके निवारणार्थ भी अनुवृत्ति आवश्यक है। शास्त्र में यह अनुकर्षण कई प्रकार से प्राप्त होता है। यथा—

अधिकार—सम्पूर्ण सूत्र का पाद पर्यन्त या अध्यायपर्यन्त अनुवर्त्तन **अधिकार** कहलाता है। इसकी व्याख्या की जा चुकी है।

चाऽधिकार—व्याकरणशास्त्र में प्रायः 'च' पद के द्वारा पूर्वशास्त्र से अनुवर्त्तन किया जाता है। यथा—

'क्क्ङिति च' (पा० 1.1.5) में चकार के द्वारा 'न' तथा 'गुणवृद्धी' पदों का अनुकर्षण होता है।

मण्डूकप्लुत्यधिकार—प्रायः अनुवृत्ति बिना व्यवधान उत्तरवर्ती सूत्रों में जलप्रवाहवत् चलती रहती है, परन्तु कतिपय स्थलों पर मध्यगत सूत्रों को छोड़कर अग्रिम सूत्रों में सहसा अनुवृत्ति देखी जाती है। तब वह अनुवृत्ति मण्डूकप्लुतिन्याय से मानी जाती है। जिस प्रकार मेंढक उछल-उछल कर चलता है। उसी प्रकार एकाधिक सूत्रों के अन्तर से प्राप्त अनुवृत्ति को **मण्डूकप्लुत्यधिकार** कहा जाता है। यथा—

'द्वितीयाटौस्स्वेनः' (पा० 2.4.34) में 'इदमोऽन्वादेशे—' (पा० 2.4.32) से मण्डूकप्लुति से 'इदमः' का अनुकर्षण किया जाता है। इसी प्रकार 'परिक्रयणे सम्प्रदानमन्यतरस्याम्' (पा० 1.4.44) से 'अभिनिविशश्च' (पा० 1.4.47) में 'अन्यतरस्याम्' पद की मण्डूकप्लुतिन्याय से अनुवृत्ति मानी जाती है। अन्य उदाहरण—

'नक्षत्रे च—' (पा० 2.3.45)। 'कृत्वोऽर्थे—' (पा० 2.3.64)।

प्रतियोगाधिकार—पूर्वशास्त्र से परशास्त्र में पदों का ज्यों का त्यों अनुवर्त्तन किया जाता है, परन्तु कई स्थलों पर अनुवृत्त पद में विभक्ति या वचन का विपरिणाम किया जाता है। यथा—'तस्य लोपः' (पा० 1.3.9) में अनुवर्त्यमान 'इत्' प्रथमान्त पद को षष्ठ्यन्त में विपरिणत कर लिया जाता है। इसी प्रकार अनुवृत्त पद का वचनविपरिणाम भी कर लिया जाता है।

पदों का अनुवर्त्तन प्रायः उत्तरवर्ती सूत्रों में ही प्राप्त होता है, परन्तु कतिपय स्थलों पर उत्तरवर्तीसूत्रों से भी पूर्वशास्त्र में अनुवृत्ति प्राप्त होती है। यथा—'उपदेशेऽत्वतः' (पा० 7.2.62) से 'उपदेशे' पद का अनुवर्त्तन 'अचस्तास्वत् थल्य०' (पा० 7.2.61) इस पूर्व सूत्र में कर लिया जाता है।

अनुबन्ध

आचार्य ने कार्य विशेष के उद्देश्य से अपने शास्त्र में अनुबन्धों की योजना की है। अनुबन्ध के साथ कोई कार्य

नहीं होता है, परन्तु वे किसी कार्य विशेष की सूचना अवश्य देते हैं। अनुबन्धों की इत् संज्ञा करके उनका लोप कर दिया जाता है, तदपि तज्जन्य कार्य होते ही हैं। 'अनुबन्ध' शब्द का लक्षण व्याकरणशास्त्र में इस प्रकार प्राप्त होता है—

इत्संज्ञकत्वमनुबन्धत्वम्। इत्संज्ञायोग्यत्वमनुबन्धत्वम्।

अनुबन्धों को चार वर्गों में रखा जा सकता है।

जैसा कि ऊपर कहा जा चुका है कि अनुबन्ध का कोई न कोई प्रयोजन अवश्य होता है, परन्तु कई स्थलों पर अनुबन्ध का कोई कार्य विशेष से सम्बन्ध नहीं होता है। ऐसे स्थलों पर अनुबन्ध या तो उच्चारणार्थ होता है अथवा स्पष्टता के लिये होता है। यथा—

इक् व इण् धातुओं में अन्तर करने के लिये यहाँ पृथक् पृथक् अनुबन्धों का प्रयोग हुआ है।

1) अजनुबन्ध—ऋ तथा औ इन दो अच् वर्णों को छोड़कर शेष सभी अच् वर्णों का अनुबन्ध के रूप में प्रयोग प्राप्त होता है। यथा—

सिच् में 'इकार' इत् है।
गम्लृ में 'लृकार' इत् है।
कटे में 'एकार' इत् है।

वुङ्, मुद्, नुट्, मुट्, तुक्, मुक्, आदि में 'उकार' इत् है।

2) अच् धर्मानुबन्ध—अजनिष्ठ उदात्तादि धर्म युक्त अच् वर्णों को भी अनुबन्ध रूप में प्रयुक्त किया गया है। यथा—

'गद' उदात्तेत् धातु है।
'एध' अनुदात्तेत् धातु है।
'यज' स्वरितेत् धातु है।

3) हलनुबन्ध—कु (क वर्ग), च, ज, ञ, ट, ड, ण, त, न, प, म, य, र, ल, व, श, ष तथा स— इन हल् वर्णों का अनुबन्ध के रूप में प्रयोग हुआ है। यथा—

श्यन् में शकार, नकार
शप् में शकार, पकार
च्वि में चकार
ल्युट् में लकार, टकार
णिच् में णकार, चकार
मुम् में मकार, उकार
अनुबन्ध है।

इसी प्रकार अन्यत्र जानना चाहिये।

4) अच्-हल्-अनुबन्ध—कई बार आचार्य ने अच् व हल् दोनों वर्णों को एक साथ अनुबन्ध के रूप में प्रयुक्त किया है। यथा—

श्विता में 'श्वि' अनुबन्ध है।
डुकृञ् में 'डु' अनुबन्ध है।

आदेश

किसी के स्थान पर उसे हटाकर जो शब्द होता है, उसे आदेश कहा जाता है। जिस प्रकार शत्रु किसी को हटाकर उसके स्थान पर अधिकार कर लेता है, उसी प्रकार आदेश अपने स्थानी को वहाँ से पूर्णतः हटा देता है। इसीलिये कहा गया है—

शत्रुवदादेशो भवति।

'इको यणचि' में 'इक्' के स्थान पर यणादेश कहा गया है। यहाँ 'यण्' आदेश है तथा 'इक्' स्थानी है। यहाँ 'इक्' को हटाकर 'यण्' आ बैठता है। यथा—

सु आगतम्–स् व् आगतम्–स्वागतम्।

आदेश दो प्रकार का होता है। यथा—

1) सर्वादेश—अनेकाल् (=जिसमें अनेक वर्ण हों) तथा शित् (जिसका शकार इत् हो) आदेश समग्र स्थानी को हटाकर होते हैं। यथा—

'अस्तेर्भूः' के द्वारा होने वाला 'भू' आदेश समग्र 'अस्' धातु के स्थान पर होता है। इसी प्रकार 'शतृ' व 'शानच्' आदि समग्र 'लट्' के स्थान पर होते हैं।

2) एकादेश—जो पूर्व व पर दोनों स्थानियों के स्थान पर अकेला आदेश होता है, उसे एकादेश कहते हैं।

द्र०—एकः पूर्वपरयोः।

आद् गुणः।
वृद्धिरेचि।

स्थानी—जिसके स्थान पर आदेश किया जाता है, उसे स्थानी कहा जाता है। 'इको यणचि' सूत्र के द्वारा 'यण्' आदेश 'इक्' के स्थान पर होता है। अतः 'इक्' स्थानी हुआ।

सूत्रार्थ की विधि

काशिका आदि वृत्तियों में सूत्रों का सम्पूर्ण अर्थ दर्शाया गया है, परन्तु किसी भी टीका ग्रन्थ में पदों के अनुवर्तन पर तथा पदस्थ विभक्ति के अर्थ पर प्रकाश नहीं डाला गया है। हमारी निम्नलिखित रीति का अनुसरण करने पर पाठक को सूत्रार्थ करने में सुगमता होती है।

1) सर्वप्रथम सूत्र का पदच्छेद कर लेवें । तब प्रत्येक पद का सामान्य असंहित रूप बना लें । यथा—वृद्धिरादैच्-वृद्धि: आत्-ऐच् ।

2) पौर्वापर्यसम्बन्ध के ज्ञान के लिये कोष्ठक में निर्दिष्ट अनुवृत्ति या अधिकार का समायोजन करें ।

3) तत्पश्चात् पदस्थ विभक्ति के अर्थ पर ध्यान देना चाहिये जो आगे समझाया गया है ।

4) सूत्रार्थ करते समय परिभाषा सूत्रों का भी योगदान होता है । यथा—गुण तथा वृद्धि कार्य करते समय 'इक:' तथा इत्यादि कार्य करते समय 'अच:' पद उपस्थित हो जाता है ।

5) अब सूत्रस्थ पदों में प्रयुक्त विभक्ति के आधार पर निम्न रीत्या सूत्र का अन्वय करना चाहिये—

1) सर्वप्रथम पञ्चम्यन्त पद,
2) तब षष्ठ्यन्त पद,
3) प्रथमान्त पद,
4) अन्त में सप्तम्यन्त पद ।
5) तृतीयान्त को मध्य में रखें ।

यथा—इको यणचि—इक: यण् अचि (यहाँ पञ्चम्यन्त पद नहीं है) ।

पदस्थ विभक्ति का अर्थ

व्याकरण शास्त्र में विभक्तियों के दो प्रयोग प्राप्त होते हैं—

1) प्रथम—जिनका अर्थ सूत्र भाषा तक सीमित है ।

2) द्वितीय—जो सामान्य भाषा में भी अभ्युपगम हैं ।

शास्त्र में प्रत्येक विभक्ति का एक निश्चित अर्थ होता है । यहाँ कुछ विभक्तियों के अर्थ परिभाषा सूत्रों के द्वारा स्पष्टत: निगदित हैं तथा कुछ विभक्तियों के अर्थ शास्त्र के सन्दर्भ से स्वत: गम्य हैं । यथा—

तस्मिन्निति निर्दिष्टे पूर्वस्य ।
तस्मादित्युत्तरस्य ।
प्रथमानिर्दिष्टं समास उपसर्जनम् ।

1) प्रथमा विभक्ति—व्याकरणशास्त्र में यह विस्थापक पद में होती है । यथा—इको यणचि ।

यहाँ 'यण्' विस्थापक है । यह 'इक्' को हटाकर होता है । अत: 'यण्' में 'प्रथमा' का प्रयोग हुआ है । इसके अतिरिक्त प्रथमा का प्रयोग आगम व प्रत्यय के लिये भी होता है । यथा—

इक: यण्[1]-अचि (आदेश) ।
इ: सि धुट्[1] (आगम) ।
अच: यत्[1] (प्रत्यय) ।

प्रथमा के निम्नलिखित लक्षण के अनुसार विधेय में प्रथमा होती है । द्र०—

असतिबाधके प्रथमाया विधेयविभक्तित्वम् । यथा—

सुप्तिङन्तं पदम् । अदेङ् गुण: । (ध्यान रहे—संज्ञा तथा संज्ञी दोनों में प्रथमा होती है ।)

क्वचित्क: संज्ञी में अधिक स्पष्टता के लिये षष्ठी का प्रयोग देखा जाता है जिसे विभक्ति विपरिणाम के द्वारा प्रथमा कर लिया जाता है । यथा—

तपरस्तत्कालस्य ।
अणुदित् सवर्णस्य चाऽप्रत्यय: ।

समास प्रकरण में प्रथमान्त पद के द्वारा उपसर्जन संज्ञक पद का बोध कराया जाता है जिसका फल होता है—पूर्व निपात । यथा—

'अव्ययं विभक्ति ...' सूत्रस्थ 'अव्ययम्' पद प्रथमान्त है । इसके द्वारा बोध्य शब्द की उपसर्जन संज्ञा होती है ।

2) पञ्चमी विभक्ति—सूत्रस्थ पद में प्रयुक्त पञ्चमी विभक्ति का अर्थ स्वयं आचार्य ने बता दिया है । द्र०—तस्मादित्युत्तरस्य अर्थात् पञ्चमी विभक्ति से निर्दिष्ट शब्द से अव्यवहित उत्तर वर्ण को कार्य होता है । तब पञ्चमी का अर्थ होगा—उसके पश्चात् । यथा—'अव्ययादाप् सुप:' में 'अव्ययात्' पञ्चम्यन्त पद है । अत: अव्यय के पश्चात् अव्यवहित 'सुप्' विभक्ति का लुक् होता है ।

3) षष्ठी विभक्ति—व्याकरणशास्त्र में षष्ठी विभक्ति प्राय: विस्थापनीय पद अर्थात्

स्थानी में होती है । इसके अर्थ का निर्णय आचार्य ने 'षष्ठी स्थानेयोगा' के द्वारा किया है । इस विभक्ति का अर्थ होगा—'के स्थान पर' । पाणिनि ने अपने शास्त्र में षष्ठी विभक्ति का सर्वाधिक प्रयोग किया है । यथा—झलां जशोऽन्ते । यहाँ 'झलाम्' षष्ठ्यन्त पद है । अत: जशादेश झल् के स्थान पर होता है ।

कहीं-कहीं अवयवार्थक षष्ठी का भी प्रयोग प्राप्त होता है । यथा—'शास इदङ्हलो:' यहाँ अवयवार्थक षष्ठी है । किसी आचार्य के मत का उल्लेख करते समय पाणिनि ने तत् तत् आचार्य के नाम में षष्ठी का प्रयोग किया है । यथा—

सर्वत्र शाकल्यस्य ।

त्रिप्रभृतिषु शाकटायनस्य ।

4) सप्तमी विभक्ति—अष्टाध्यायी में सप्तमी का त्रिविध प्रयोग प्राप्त होता है। यथा—

परसप्तमी—अष्टाध्यायी में इसका सर्वाधिक प्रयोग मिलता है। स्वयं पाणिनि ने निम्नलिखित सूत्र के द्वारा सप्तमी के अर्थ का निर्णय किया है। यथा—

तस्मिन्निति निर्दिष्टे पूर्वस्य अर्थात् सप्तम्यन्त पद के द्वारा निर्देश होने की दशा में उससे अव्यवहित पूर्व वर्ण को कार्य होता है।

'इको यणचि'—यहाँ 'अचि' सप्तम्यन्त पद है। अतः अच् के परे रहते अव्यवहित पूर्व, 'इक्' के स्थान पर 'यण्' होता है।

विषय सप्तमी—'संहितायाम्' अधिकार सूत्र में विषय सप्तमी है। इसका अर्थ होता है—के विषय में। इसी प्रकार अन्यत्र जानना चाहिए। यथा—कारके।

निमित्त सप्तमी—कई स्थलों पर सप्तमी का अर्थ 'निमित्त' भी होता है। यथा—

'क्ङिति च' अर्थात् कित्, गित्, ङित् प्रत्ययों को निमित्त मानकर होने वाला कार्य (=गुण, वृद्धि) नहीं होता है। 'ध्रुवमपायेऽपादानम्' यहाँ भी निमित्त सप्तमी है। यदा कदा प्रकरणानुसार भी विभक्ति का अर्थ परिवर्तित हो जाता है। 'धातोः' के अधिकार में 'उपपदे' पदस्थ सप्तमी का अर्थ होता है—'अमुक अर्थ में' या 'अमुक उपपद रहते।' द्र०—

तत्रोपपदं सप्तमीस्थम् ।

इसके अतिरिक्त समास प्रकरण में तृतीया विभक्ति का प्रयोग उपलब्ध होता है।

इसके अतिरिक्त व्याकरणशास्त्र में अनुकरण के आधार पर 'अव्यय' और 'धातुशब्दों' में भी विभक्ति का प्रयोग देखा जाता है। भाव यह है कि शास्त्र में इन शब्दों की स्वरूपता के द्योतन के लिये ये प्रातिपदिक के रूप में प्रयुक्त होते हैं। यथा—

कथमि ।

अस्तेर्भूः ।

उपर्युक्त निश्चित अर्थों के अतिरिक्त जो सामान्य भाषा में प्रयुक्त अर्थ हैं, उनका प्रयोग भी शास्त्र में प्राप्त होता है। ये अभ्युपगम्य विभक्तियाँ कहलाती हैं। यथा—

'आदिरन्त्येन सहेता' यहाँ 'सह' के योग में तृतीया हुई है।

प्रत्याहारसूत्र

ये पाणिनीय सूत्र शास्त्र की महत्त्वपूर्ण आधारशिला हैं तथा अष्टाध्यायी के अविभाज्य अंग हैं। इनकी रचना के विषय में विद्वानों में कई मतभेद प्राप्त होते हैं। महर्षि दयानन्द प्रभृति विद्वान् इन्हें निश्चितरूपेण आचार्य पाणिनि प्रणीत मानते हैं, परन्तु अन्य कई विद्वान् इन्हें महेश्वर (=भगवान् शंकर अथवा महेश्वर सम्प्रदाय) से प्राप्त स्वीकार करते हैं। इसी मान्यता के आधार पर इन सूत्रों का नाम व्याकरण जगत् में 'माहेश्वरसूत्र' भी पड़ गया है।

द्वितीय वर्ग के विद्वानों की मान्यता है कि पाणिनि से पूर्व भी कई व्याकरण सम्प्रदाय विद्यमान थे तथा अनेक प्रत्याहार सूत्रों की उपस्थिति के सबल प्रमाण प्राप्त होते हैं।

हमारे मत में मध्यम मार्ग ही उपयुक्त प्रतीत होता है अर्थात् पाणिनि से पूर्व प्रत्याहार सूत्रों का अस्तित्व अवश्य था। इस बात से प्रतिषेध नहीं किया जा सकता कि आचार्य ने एक दो सूत्र परम्परा से गृहीत कर लिये हों परन्तु इस बात को कदापि स्वीकार नहीं किया जा सकता कि व्याकृति विद्याविशारद आचार्य पाणिनि अष्टाध्यायी जैसे स्वयं निर्मित दुर्ग के लिये नींव के पत्थर बाहर से उधार लेते फिरें। अतः सम्भव है, आचार्य ने एक-आध सूत्रों को प्राचीन सम्प्रदायों से अविकृत रूप में ले लिया हो, परन्तु समग्र आधारशिला तथा अष्टाध्यायी रूप दुर्ग पाणिनि की रचना है—इसमें कोई सन्देह नहीं है।

प्रत्याहार

आचार्य ने सूत्र शैली के अन्तर्गत प्रत्याहारों का निर्माण भी किया है। अनेक वर्णों (या पदों) के लिये प्रयुक्त साङ्केतिक शब्द को 'प्रत्याहार' कहा जाता है। 'प्रत्याह्रियन्ते संक्षिप्यन्ते वर्णाः (पदा वा) यत्र स प्रत्याहारः' इस व्युत्पत्ति के अनुसार वर्णों या पदों के संक्षेपीकरण को प्रत्याहार कहा जाता है। प्रत्याहार निर्माण विधि 'आदिरन्त्येन सहेता' सूत्र की व्याख्या के अन्तर्गत देखी जा सकती है। ध्यान रहे कि प्रत्याहार केवल वर्णों का ही नहीं अपितु प्रत्यय, आगम तथा धातु शब्दों का भी होता है। यथा—

1) अच्, अक्, हल्, आदि वर्ण प्रत्याहार कहे जाते हैं।

2) सुप्, तिङ् तथा सङ् आदि प्रत्यय प्रत्याहार होते हैं (व्याख्या देखिये-पा० 1.4.14)

3) 'ङमुट्' आदि आगम प्रत्याहार हैं। व्याख्या के लिये द्र०—ङमो ह्रस्वादचि ङमुण्नित्यम्।

ग्रन्थ में प्रयुक्त 'अण्' आदि प्रत्याहार हैं अथवा प्रत्यय हैं—यह व्याख्यान से ही जाना जाता है, लक्षण से नहीं। अध्येताओं को उक्त रीति से प्रत्याहार-सूत्रों को घटित करना चाहिए तथा नीचे लिखी गई सूची को देखकर उनकी पुष्टि कर लेनी चाहिए।

1. अण्—अ, इ, उ। उरण् रपरः (पा० 1.1.50)।
2. अक्—अ, इ, उ, ऋ, ऌ। अकः सवर्णे दीर्घः (पा० 6.1.97)।
3. अच्—अ, इ, उ, ऋ, ऌ, ए, ओ, ऐ, औ। अचोऽन्त्यादि टि (पा० 1.1.63)।
4. अट्—अ, इ, उ, ऋ, ऌ, ए, ओ, ऐ, औ, ह, य, व, र। शश्छोऽटि (पा० 8.4.62)।
5. अण्—अ, इ, उ, ऋ, ऌ, ए, ओ, ऐ, औ, ह, य, व, र, ल। अणुदित्सवर्णस्य चाप्रत्ययः (पा० 1.1.68)।
6. अम्—अ, इ, उ, ऋ, ऌ, ए, ओ, ऐ, औ, ह, य, व, र, ल, ञ, म, ङ, ण, न। पुमः खय्यम्परे (पा० 8.3.6)।
7. अश्—अ, इ, उ, ऋ, ऌ, ए, ओ, ऐ, औ, ह, य, व, र, ल, ञ, म, ङ, ण, न, झ, भ, घ, ढ, ध, ज, ब, ग, ड, द। भोभगोअघोअपूर्वस्य योऽशि (पा० 8.3.17)।
8. अल्—अ, इ, उ, ऋ, ऌ, ए, ओ, ऐ, औ, ह, य, व, र, ल, ञ, म, ङ, ण, न, झ, भ, घ, ढ, ध, ज, ब, ग, ड, द, ख, फ, छ, ठ, थ, च, ट, त, क, प, श, ष, स, ह। अलोऽन्त्यात्पूर्व उपधा (पा० 1.1.64)।
9. इक्—इ, उ, ऋ, ऌ। इको गुणवृद्धी (पा० 1.1.3)।
10. इच्—इ, उ, ऋ, ऌ, ए, ओ, ऐ, औ। इच एकाचोऽम्प्रत्ययवच्च (पा० 6.3.66)।
11. इण्—इ, उ, ऋ, ऌ, ए, ओ, ऐ, औ, ह, य, व, र, ल। इण्कोः (पा० 8.3.57)।
12. उक्—उ, ऋ, ऌ। उगितश्च (पा० 4.1.6)।
13. एङ्—ए, ओ। एङि पररूपम् (पा० 6.1.91)।
14. एच्—ए, ओ, ऐ, औ। एचोऽयवायावः (पा० 6.1.75)।
15. ऐच्—ऐ, औ। वृद्धिरादैच् (पा० 1.1.1)।
16. हश्—ह, य, व, र, ल, ञ, म, ङ, ण, न, झ, भ, घ, ढ, ध, ज, ब, ग, ड, द। हशि च (पा० 6.1.110)।
17. हल्—ह, य, व, र, ल, ञ, म, ङ, ण, न, झ, भ, घ, ढ, ध, ज, ब, ग, ड, द, ख, फ, छ, ठ, थ, च, ट, त, क, प, श, ष, स, ह। हलोऽनन्तराः संयोगः (पा० 1.1.7)।
18. यण्—य, व, र, ल। इको यणचि (पा० 6.1.74)।
19. यम्—य, व, र, ल, ञ, म, ङ, ण, न। हलो यमां यमि लोपः (पा० 8.4.63)।
20. यञ्—य, व, र, ल, ञ, म, ङ, ण, न, झ, भ। अतो दीर्घो यञि (पा० 7.3.101)।
21. यय्—य, व, र, ल, ञ, म, ङ, ण, न, झ, भ, घ, ढ, ध, ज, ब, ग, ड, द, ख, फ, छ, ठ, थ, च, ट, त, क, प। अनुस्वारस्य ययि परसवर्णः (पा० 8.4.57)।
22. यर्—य, व, र, ल, ञ, म, ङ, ण, न, झ, भ, घ, ढ, ध, ज, ब, ग, ड, द, ख, फ, छ, ठ, थ, च, ट, त, क, प, श, ष, स। यरोऽनुनासिकेऽनुनासिको वा (पा० 8.4.44)।
23. वश्—व, र, ल, ञ, म, ङ, ण, न, झ, भ, घ, ढ, ध, ज, ब, ग, ड, द। नेड् वशि कृति (पा० 7.2.8)।
24. वल्—व, र, ल, ञ, म, ङ, ण, न, झ, भ, घ, ढ, ध, ज, ब, ग, ड, द, ख, फ, छ, ठ, थ, च, ट, त, क, प, श, ष, स, ह। लोपो व्योर्वलि (पा० 6.1.64)।
25. रल्—र, ल, ञ, म, ङ, ण, न, झ, भ, घ, ढ, ध, ज, ब, ग, ड, द, ख, फ, छ, ठ, थ, च, ट, त, क, प, श, ष, स, ह। रलो व्युपधाद्धलादेः संश्च (पा० 1.2.26)।
26. र—र, ल। उरण् रपरः (पा० 1.1.50)।
27. ञम्—ञ, म, ङ, ण, न। ञमन्ताड्डः (उणादि० 1.114)।
28. मय्—म, ङ, ण, न, झ, भ, घ, ढ, ध, ज, ब, ग, ड, द, ख, फ, छ, ठ, थ, च, ट, त, क, प।

मय उञो वो वा (पा० 8.3.33)।

29. ङम्—ङ, ण, न। ङमो ह्रस्वादचि ङमुण् नित्यम् (पा० 8.3.32)।

30. झष्—झ, भ, घ, ढ, ध। एकाचो बशो भष् झषन्तस्य स्ध्वोः (पा० 8.2.37)।

31. झश्—झ, भ, घ, ढ, ध, ज, ब, ग, ड, द। झलां जश् झशि (पा० 8.4.52)।

32. झय्—झ, भ, घ, ढ, ध, ज, ब, ग, ड, द, ख, फ, छ, ठ, थ, च, ट, त, क, प। झयो होऽन्यतरस्याम् (पा० 8.4.61)।

33. झर्—झ, भ, घ, ढ, ध, ज, ब, ग, ड, द, ख, फ, छ, ठ, थ, च, ट, त, क, प, श, ष, स। झरो झरि सवर्णे (पा० 8.4.64)।

34. झल्—झ, भ, घ, ढ, ध, ज, ब, ग, ड, द, ख, फ, छ, ठ, थ, च, ट, त, क, प, श, ष, स, ह। झलां जश् झशि (पा० 8.4.52)। झलो झलि (पा० 8.2.26)।

35. भष्—भ, घ, ढ, ध। एकाचो बशो भष् झषन्तस्य स्ध्वोः (पा० 8.2.37)।

36. जश्—ज, ब, ग, ड, द। झलां जशोऽन्ते (पा० 8.2.39)।

37. बश्—ब, ग, ड, द। एकाचो बशो भष् झषन्तस्य स्ध्वोः (पा० 8.2.37)।

38. खय्—ख, फ, छ, ठ, थ, च, ट, त, क, प। पुमः खय्यम्परे (पा० 8.3.6)।

39. खर्—ख, फ, छ, ठ, थ, च, ट, त, क, प, श, ष, स। खरि च (पा० 8.4.54)।

40. छव्—छ, ठ, थ, च, ट, त। नश्छव्यप्रशान् (पा० 8.3.7)।

41. चय्—च, ट, त, क, प। चयो द्वितीयाः शरि पौष्करसादेः (वार्तिक 8.4.47)।

42. चर्—च, ट, त, क, प, श, ष, स। अभ्यासे चर्च (पा० 8.4.53)।

43. शर्—श, ष, स। वा शरि (पा० 8.3.36)।

44. शल्—श, ष, स, ह। शल इगुपधादनिटः क्सः (पा० 3.1.45)।

गणपाठ

कई बार एक ही कार्य अनेक शब्दों से होता है। वे शब्द संख्या में इतने अधिक होते हैं कि उन सभी का सूत्र में साक्षात् पाठ सम्भव नहीं हो पाता। लाघवप्रिय आचार्य ने इसके लिये गणों की योजना की। सूत्रपाठ के अनन्तर आचार्य ने गणपाठ का प्रणयन किया ताकि सुविदित रहे कि अमुक गण में कौन-कौन से शब्द हैं। भाव यह है कि उन्होंने ऐसे शब्दों को एक गण में रख दिया तथा उस गण का नाम उस गण के प्रथम शब्द के आधार पर रख दिया। यथा—

सर्वादिगण में सर्व आदि सभी शब्दों का पाठ है। अजादिगण में अज आदि सभी शब्दों का पाठ है। इस प्रकार 'गणपाठ' सूत्रों को संक्षिप्ततम करने में अत्यन्त सहायक सिद्ध हुआ है। कुछ गण आकृतिगण होते हैं। आकृतिगण का अभिप्राय है कि यदि गण में पठित शब्दों से अतिरिक्त शब्दों को भी उस गण से सम्बन्धित कार्य उपलब्ध होता हो तो उस शब्द को उस गण में सम्मिलित कर लिया जाता है।

धातुपाठ

अष्टाध्यायी में मुख्य सूत्र पाठ प्राप्त होता है। आचार्य ने सूत्रपाठ के परिशिष्टों की रचना भी की है। इनमें धातुपाठ मुख्य है। धातुपाठ में धातुओं की सूची है तथा उनका अर्थ भी दिया गया है। धातुपाठ के अन्तर्गत पठित सभी शब्दों की 'भूवादयो धातवः' (पा० 1.3.1) से धातुसंज्ञा कही गई है।

वार्तिक

अष्टाध्यायी का सूत्रपाठ, वार्तिक व महर्षि पतञ्जलि का महाभाष्य—इन तीनों को मिलाने पर समग्र पाणिनीय व्याकरण कहा जाता है। वैयाकरणों ने वार्तिक का लक्षण इस प्रकार दिया है—

उक्तानुक्तदुरुक्तानां चिन्ता यत्र प्रवर्तते।
तं ग्रन्थं वार्तिकं प्राहुर्वार्तिकज्ञा मनीषिणः॥

अर्थात् वार्तिक में उक्त, अनुक्त (= जो छूट गया है) तथा दुरुक्त (= प्रमाद जन्य)—इन तीनों के विषय में चिन्तन होता है।

वार्तिक की एक अन्य परिभाषा इस प्रकार प्राप्त होती है

यद् विस्मृतमदृष्टं वा सूत्रकारेण तत्स्फुटम्।
वाक्यकारो ब्रवीत्येव तेनाऽदृष्टं च भाष्यकृत्॥

अर्थात् जो सूत्रकार आचार्य पाणिनि से छूट गया, उसे आचार्य कात्यायन ने वार्तिक के द्वारा कह दिया है।

इन दोनों वचनों के आधार पर यह नहीं कहा जा सकता कि आचार्य पाणिनि से कोई बड़ी भारी चूक हो गई है, अपितु अधिकांश वार्तिक तो सूत्रों की व्याख्या मात्र है, कुछ वार्तिकों से अतिरिक्त कथन अवश्य हुआ है। इतना ही नहीं कुछ वार्तिकों के द्वारा गुप्त आशयों को भी सम्यक् रूप से प्रकट किया गया है।

वार्तिकों का कोई स्वतन्त्र पाठ उपलब्ध नहीं होता है। अधिकांश वार्तिक महाभाष्य में प्राप्त होते हैं। काशिका में भी कुछ नये वार्तिकों का पाठ हुआ है। ऐसा प्रतीत होता है कि वार्तिकपाठ अनेक आचार्यों की देन है।

इसी आधार पर प्रस्तुत व्याख्या में वार्तिकों को सम्मिलित किया गया है तथा आवश्यक स्थलों पर महाभाष्य को भी उल्लिखित किया गया है।

उणादिसूत्रपाठ

उणादिसूत्रपाठ में 'उण्' आदि प्रत्ययों का विधान किया गया है। इनका पाठ पांच पादों में किया गया है। इनकी संख्या लगभग 750 है। इन्हें मुनि शाकटायन के द्वारा प्रणीत माना जाता है। वस्तुतः ये आचार्य पाणिनि द्वारा ही प्रणीत है जिनका स्पष्ट सङ्केत 'उणादयो बहुलम्' (पा० 3.3.1) सूत्र में प्राप्त होता है।

इनके सम्बन्ध में दो मत है—व्युत्पन्न (धातुज) तथा अव्युत्पन्न (रूढ)। अव्युत्पन्न (= लोकप्रचलित) पक्ष की पुष्टि में एक परिभाषा है—'उणादयोऽव्युत्पन्नानि प्रातिपदिकानि' अर्थात् उणादि अव्युत्पन्न प्रातिपदिक होते हैं। कतिपय औणादिक शब्द ऐसे हैं जिनको व्युत्पन्न मानने पर अर्थ की संगति नहीं हो पाती। यथा—'हस्' धातु से 'हंस', 'स्यन्द्' से 'स्यन्द', 'तन्' से 'तद्' तथा 'वद्' से 'वद्' शब्दों की सिद्धि मानना युक्तियुक्त प्रतीत नहीं होता है।

औणादिक शब्दों में कुछ शब्द निस्सन्देह यौगिक प्रतीत होते हैं। यथा—करोतीति कारुः। वातीति वायुः। विभेत्यस्मादिति भीमः। शलथा इवतीति शलदु। दीर्यते इति दारु। महामुनि पतञ्जलि ने 'ण्वुल् तृचौ' (पा० 3.1.133) के भाष्य में उणादि को व्युत्पन्न माना है। 'तृच्' प्रत्यय के चकार-अनुबन्धयुक्त पाठ के द्वारा ज्ञापित होता है कि आचार्य पाणिनि औणादिक शब्दों को व्युत्पन्न मानते हैं। यदि आचार्य 'ण्वुल् तृचौ' (पा० 3.1.133) तथा 'अप्तृन्तृच् ...' (पा० 6.4.11) में 'तृच्' के स्थान 'तृ' का पाठ करते तो 'मातृ' शब्द से 'मातारौ' जैसे अनिष्ट रूप बन जाते। यदि औणादिकशब्द अव्युत्पन्न होते तो 'मातृ + औ' में 'अप्तृन्तृच् ...' की प्रवृत्ति ही नहीं हो पाती। फलतः 'तृच्' में चकार का पाठ व्यर्थ होता।

औणादिक शब्दों में अनेकों वैदिक लौकिक शब्दों का अन्वाख्यान किया गया है जो अष्टाध्यायी के सूत्रों के द्वारा व्याख्यात नहीं है। वस्तुतः ये विशेष उपादेय है तथा अष्टाध्यायी के पूरक के रूप में है।

25-05-2025
Dr. S. K. Kapoor